**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1641**

**01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**तमिलनाडु में स्मार्ट सिटीज़**

**†1641. श्री नवसकनी के.:**
**डॉ. डी. रवि कुमारः**
**डॉ. थोल तिरूमावलवनः**
**श्री सी. एन. अन्नादुरईः**
**श्री जी. सेल्वमः**

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु सहित देश में स्मार्ट सिटी की स्थापना के लिए सरकार द्वारा किए गए व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उपलब्ध कराई गई/उपलब्ध कराई जा रही निधि मौजूदा शहरों को स्मार्ट सिटी में परिवर्तित करने के लिए पर्याप्त है, यदि हां, तो ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं;

(ग) तमिलनाडु में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत चिह्नित शहरों के क्या नाम हैं:

(घ) तमिलनाडु के उन जिलों का ब्यौरा क्या है, जिन्हें स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए उक्त मिशन के अंतर्गत आवश्यक निधि आवंटित की गई है;

(ङ) उक्त प्रयोजन की अब तक आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(च) क्या उक्त चिह्नित शहरों में स्मार्ट सिटी परियोजना का कार्य समय पर पूरा होने की संभावना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(छ) सरकार द्वारा कार्यों में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं तथा उक्त कार्यों की प्रगति रिपोर्ट क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु सहित देश में स्मार्ट सिटीज की स्थापना पर सरकार द्वारा किए गए व्यय का वर्षवार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख) 25 जून, 2015 को शुरू किए गए स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) ने जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 चरणों के माध्यम से 100 शहरों का चयन किया है। यह मिशन का शहर के चयनित भाग (एबीडी क्षेत्र) में प्रयासों को केन्द्रित करते हुए क्षेत्र-आधारित स्मार्ट सिटी का विकास करता है। स्मार्ट सिटी प्रस्ताव में, प्रत्येक शहर ने एबीडी क्षेत्र में अपनी परियोजनाओं और स्मार्ट समाधान(ओं) के साथ पैन-सिटी की कुछ परियोजनाओं को शामिल किया है। मिशन का फोकस स्थायी और समावेशी विकास तथा अनुकरणीय मॉडल बनाने पर रहा है। इस क्षेत्र-आधारित विकास कार्यनीति ने कम समय सीमा में परियोजनाओं को पूरा करने में मदद की है, जिससे शहर के अन्य हिस्सों में इसका अनुकरण किया जा सके। 100 शहरों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 12 जुलाई 2024 तक, 1,45,083 करोड़ रुपये की राशि की 7,218 परियोजनाएं (कुल परियोजनाओं का 90%) पूरी हो चुकी हैं।

(ग) से (ड.) : स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत तमिलनाडु के 11 शहरों अर्थात चेन्नई, कोयम्बटूर, मदुरै, सेलम, तंजावुर, वेल्लोर, थूथुकुडी , तिरुचिरापल्ली , तिरुनेलवेली, तिरुपुर और इरोड का चयन किया गया है।

मिशन के तहत, प्रत्येक शहर को केंद्र सरकार से अधिकतम 500 करोड़ रुपये की निधियां मिल सकती हैं। मिशन के तहत तमिलनाडु के सभी 11 शहरों को केंद्र सरकार से पूरी निधियां प्राप्त हो चुकी हैं। तमिलनाडु के शहरों में आवंटित और उपयोग की गई निधियों का विवरण अनुलग्नक-II में संलग्न है।

(च) स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चयनित तमिलनाडु के 11 शहरों ने 17,984 करोड़ रुपये की कुल 733 परियोजनाएं शुरू की हैं। इन कुल परियोजनाओं में से, शहरों ने 17,390 करोड़ रुपये की 706 परियोजनाएं पूरी कर ली हैं । चल रही एससीएम परियोजनाओं के कार्यान्वयन को पूरा करने के लिए मिशन अवधि को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

(छ) मिशन के अंतर्गत परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए मंत्रालय के पास बहु-स्तरीय समीक्षा संरचना है। राज्य स्तर पर, मिशन कार्यान्वयन की निगरानी राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा की जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर, कार्यान्वयन की निगरानी आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता वाली एक शीर्ष समिति द्वारा की जाती है। एसपीवी के बोर्डों में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के नामित निदेशक नियमित आधार पर संबंधित शहरों में प्रगति की निगरानी करते हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नियमित रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंस, समीक्षा बैठकों, क्षेत्र दौरा, क्षेत्रीय कार्यशालाओं आदि के माध्यम से राज्यों/स्मार्ट सिटीज के साथ विमर्श भी करता है।

****

**अनुलग्नक- I**

**तमिलनाडु में स्मार्ट सिटीज के संबंध में संसद सदस्यों श्री नवसकनी के., डॉ. डी. रवि कुमार, डॉ. तिरुमावलवन थोलकाप्पियान , श्री सी एन अन्नादुरई, और श्री सेल्वम द्वारा 01.08.2024 को उत्तर दिए जाने हेतु पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1641 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित**

**एससीएम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी की गई निधियां/व्यय का राज्य-वार/शहर-वार ब्यौरा (राशि करोड़ रुपये में)**

| राज्य/शहर | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | कुल केंद्रीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| **अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह** | **49.00** | **0.00** | **0.00** | **245.00** |
| पोर्ट ब्लेयर | 49.00 | 0.00 | 0.00 | 245.00 |
| **आंध्र प्रदेश** | **32.00** | **52.80** | **20.80** | **1978.80** |
| अमरावती | 32.00 | 32.00 | 0.00 | 560.00 |
| काकीनाड़ा | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| तिरुपति | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 392.00 |
| विशाखापत्तनम | 0.00 | 20.80 | 20.80 | 536.80 |
| **अरुणाचल प्रदेश** | **98.00** | **490.00** | **0.00** | **978.00** |
| ईटानगर | 49.00 | 245.00 | 0.00 | 488.00 |
| पासीघाट | 49.00 | 245.00 | 0.00 | 490.00 |
| **असम** | **147.00** | **147.00** | **0.00** | **490.00** |
| गुवाहाटी | 147.00 | 147.00 | 0.00 | 490.00 |
| **बिहार** | **196.00** | **566.23** | **56.81** | **1601.05** |
| भागलपुर | 98.00 | 196.00 | 0.00 | 490.00 |
| बिहारशरीफ | 0.00 | 66.75 | 56.81 | 319.56 |
| मुजफ्फरपुर | 49.00 | 180.98 | 0.00 | 425.98 |
| पटना | 49.00 | 122.50 | 0.00 | 365.50 |
| **चंडीगढ़** | **179.19** | **16.81** | **0.00** | **490.00** |
| चंडीगढ़ | 179.19 | 16.81 | 0.00 | 490.00 |
| **छत्तीसगढ़** | **337.00** | **269.50** | **61.25** | **1210.75** |
| अटल नगर | 121.00 | 122.50 | 61.25 | 426.75 |
| बिलासपुर | 118.00 | 122.50 | 0.00 | 367.50 |
| रायपुर | 98.00 | 24.50 | 0.00 | 416.50 |
| **दादर एवं नगर हवेली** | **92.00** | **196.00** | **0.00** | **392.00** |

| राज्य/शहर | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | कुल केंद्रीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| सिल्वासा | 92.00 | 196.00 | 0.00 | 392.00 |
| **दमन और दीव** | **0.00** | **275.95** | **0.00** | **385.95** |
| दीव | 0.00 | 275.95 | 0.00 | 385.95 |
| **दिल्ली** | **49.00** | **0.00** | **0.00** | **343.00** |
| एनडीएमसी | 49.00 | 0.00 | 0.00 | 343.00 |
| **गोवा** | **98.00** | **98.00** | **0.00** | **392.00** |
| पणजी | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 392.00 |
| **गुजरात** | **424.00** | **407.50** | **0.00** | **2946.50** |
| अहमदाबाद | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| दाहोद | 49.00 | 73.50 | 0.00 | 416.50 |
| गांधीनगर | 49.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| राजकोट | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| सूरत | 32.00 | 40.00 | 0.00 | 570.00 |
| वडोदरा | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| **हरियाणा** | **245.00** | **171.50** | **18.38** | **924.88** |
| फरीदाबाद | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| करनाल | 147.00 | 73.50 | 18.38 | 434.88 |
| **हिमाचल प्रदेश** | **343.00** | **196.00** | **0.00** | **978.00** |
| धर्मशाला | 196.00 | 49.00 | 0.00 | 490.00 |
| शिमला | 147.00 | 147.00 | 0.00 | 488.00 |
| **जम्मू और कश्मीर** | **49.00** | **294.00** | **0.00** | **733.00** |
| जम्मू | 49.00 | 147.00 | 0.00 | 391.00 |
| श्रीनगर | 0.00 | 147.00 | 0.00 | 342.00 |
| **झारखंड** | **0.00** | **0.00** | **0.00** | **490.00** |
| रांची | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| **कर्नाटक** | **636.84** | **326.50** | **35.68** | **3470.18** |
| बेलगावी | 49.00 | 49.00 | 0.00 | 490.00 |
| बेंगलुरु | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 488.00 |
| दावनगेरे | 49.00 | 49.00 | 0.00 | 490.00 |
| हुबली-धारवाड़ | 130.00 | 106.00 | 35.68 | 605.68 |
| मंगलुरु | 98.00 | 24.50 | 0.00 | 416.50 |
| शिवमोगा | 114.84 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |

| राज्य/शहर | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | कुल केंद्रीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| तुमकुरु | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| **केरल** | **153.04** | **264.80** | **85.75** | **993.10** |
| कोच्चि | 55.04 | 117.80 | 36.75 | 505.10 |
| तिरुवनंतपुरम | 98.00 | 147.00 | 49.00 | 488.00 |
| **लक्षद्वीप** | **123.31** | **0.00** | **0.00** | **183.31** |
| कवारत्ती | 123.31 | 0.00 | 0.00 | 183.31 |
| **मध्य प्रदेश** | **424.00** | **645.00** | **49.00** | **3510.00** |
| भोपाल | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| ग्वालियर | 98.00 | 147.00 | 49.00 | 490.00 |
| इंदौर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| जबलपुर | 49.00 | 49.00 | 0.00 | 490.00 |
| सागर | 147.00 | 147.00 | 0.00 | 490.00 |
| सतना | 98.00 | 196.00 | 0.00 | 490.00 |
| उज्जैन | 32.00 | 106.00 | 0.00 | 570.00 |
| **महाराष्ट्र** | **612.16** | **759.84** | **0.00** | **3826.00** |
| अमरावती# | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| औरंगाबाद | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| ग्रेटर मुंबई# | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| कल्याण-डोम्बीवली | 98.00 | 196.00 | 0.00 | 490.00 |
| नागपुर | 49.00 | 110.25 | 0.00 | 453.25 |
| नासिक | 49.00 | 183.75 | 0.00 | 428.75 |
| पिंपरी-चिंचवाड | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| पुणे | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| सोलापुर | 24.16 | 73.84 | 0.00 | 490.00 |
| ठाणे | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| **मणिपुर** | **49.00** | **61.25** | **0.00** | **306.25** |
| इंफाल | 49.00 | 61.25 | 0.00 | 306.25 |
| **मेघालय** | **98.00** | **147.00** | **49.00** | **490.00** |
| शिलांग | 98.00 | 147.00 | 49.00 | 490.00 |
| **मिजोरम** | **0.00** | **294.00** | **0.00** | **490.00** |
| आइजोल | 0.00 | 294.00 | 0.00 | 490.00 |
| **नागालैंड** | **122.50** | **153.13** | **18.38** | **490.00** |

| राज्य/शहर | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | कुल केंद्रीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| कोहिमा | 122.50 | 153.13 | 18.38 | 490.00 |
| **ओडिशा** | **196.00** | **49.00** | **0.00** | **987.93** |
| भुवनेश्वर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 497.93 |
| राउरकेला | 196.00 | 49.00 | 0.00 | 490.00 |
| **पुदुचेरी** | **0.00** | **64.00** | **73.50** | **341.50** |
| पुदुचेरी | 0.00 | 64.00 | 73.50 | 341.50 |
| **पंजाब** | **441.00** | **299.22** | **0.00** | **1461.33** |
| अमृतसर | 147.00 | 110.25 | 0.00 | 461.25 |
| जालंधर | 147.00 | 85.75 | 0.00 | 428.75 |
| लुधियाना | 147.00 | 49.00 | 0.00 | 490.00 |
| सुल्तानपुर लोधी # | 0.00 | 54.22 | 0.00 | 81.33 |
| **राजस्थान** | **147.00** | **147.00** | **0.00** | **1960.00** |
| अजमेर | 49.00 | 49.00 | 0.00 | 490.00 |
| जयपुर | 49.00 | 49.00 | 0.00 | 490.00 |
| कोटा | 49.00 | 49.00 | 0.00 | 490.00 |
| उदयपुर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| **सिक्किम** | **171.50** | **177.63** | **0.00** | **886.13** |
| गंगटोक | 98.00 | 147.00 | 0.00 | 488.00 |
| नामची | 73.50 | 30.63 | 0.00 | 398.13 |
| **तमिलनाडु** | **1383.96** | **43.30** | **0.00** | **5503.88** |
| चेन्नई | 60.96 | 43.30 | 0.00 | 601.88 |
| कोयंबटूर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| डिंडीगुल # | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| इरोड | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| मदुरै | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| सलेम | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| तंजावुर | 196.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| थूथुकुडी | 196.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| तिरुचिरापल्ली | 196.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| तिरुनेलवेली | 196.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| तिरुपुर | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| वेल्लोर | 147.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |

| राज्य/शहर | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | कुल केंद्रीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| **तेलंगाना** | **49.00** | **190.25** | **87.19** | **718.44** |
| ग्रेटर वारंगल | 0.00 | 67.75 | 56.56 | 320.31 |
| करीमनगर | 49.00 | 122.50 | 30.63 | 398.13 |
| **त्रिपुरा** | **228.65** | **62.25** | **0.00** | **541.00** |
| अगरतला | 228.65 | 62.25 | 0.00 | 541.00 |
| **उत्तर प्रदेश** | **1225.00** | **833.00** | **0.00** | **4906.00** |
| आगरा | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| अलीगढ़ | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| बरेली | 196.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| गाज़ियाबाद# | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| झांसी | 147.00 | 49.00 | 0.00 | 490.00 |
| कानपुर | 196.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| लखनऊ | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| मेरठ/रायबरेली# | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| मुरादाबाद | 147.00 | 147.00 | 0.00 | 490.00 |
| प्रयागराज | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| रामपुर# | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| सहारनपुर | 49.00 | 245.00 | 0.00 | 490.00 |
| वाराणसी | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 |
| **उत्तराखंड** | **165.56** | **118.70** | **0.00** | **536.40** |
| देहरादून | 165.56 | 118.70 | 0.00 | 536.40 |
| **पश्चिम बंगाल** | **98.00** | **98.00** | **0.00** | **496.00** |
| बिधाननगर # | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| दुर्गापुर# | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| हल्दिया# | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| न्यू टाउन कोलकाता | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 |
| **कुल योग** | **8,662.72** | **7,915.15** | **555.73** | **46,676.37** |

**12 जुलाई, 2024 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार**

*टिप्पणी:*

*1. # का अर्थ है 'स्मार्ट सिटी के रूप में चयनित नहीं हुए शहर' (18 करोड़ रुपए)*

*2. * का तात्पर्य सुल्तानपुर लोधी को दी जाने वाली राशि से है (81 करोड़ रुपए)*

*सीआईटीआईआईएस कार्यक्रम के लिए जारी राशि (707 करोड़ रूपए)*

**अनुलग्नक- II**

**तमिलनाडु में स्मार्ट सिटीज के संबंध में संसद सदस्यों श्री नवसकनी के., डॉ. डी. रवि कुमार, डॉ. तिरुमावलवन थोलकाप्पियान , श्री सी एन अन्नादुरई, और श्री सेल्वम द्वारा 01.08.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1641 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित**

12.7.2024 तक तमिलनाडु के 11 स्मार्ट शहरों में आवंटित धनराशि का जिला/शहर-वार विवरण

(राशि करोड़ रुपये में)

| ज़िला | शहर | जारी की गई कुल धनराशि ( भारत सरकार+राज्य ) | कुल उपयोग ( भारत सरकार+राज्य ) |
|---|---|---|---|
| **चेन्नई** | **चेन्नई** | 1,101.88 | 962.97 |
| **कोयंबटूर** | **कोयंबटूर** | 990.00 | 987.90 |
| **इरोड** | **इरोड** | 990.00 | 934.71 |
| **मदुरै** | **मदुरै** | 990.00 | 969.05 |
| **सलेम** | **सलेम** | 990.00 | 980.65 |
| **तंजावुर** | **तंजावुर** | 990.00 | 977.52 |
| थूथुकुडी | थूथुकुडी | 990.00 | 933.68 |
| **तिरुचिरापल्ली** | **तिरुचिरापल्ली** | 990.00 | 905.82 |
| **तिरुनेलवेली** | **तिरुनेलवेली** | 990.00 | 931.04 |
| **तिरुपुर** | **तिरुपूर** | 989.00 | 957.82 |
| **वेल्लोर** | **वेल्लोर** | 980.00 | 908.99 |
| **कुल** | | **10,990.88** | **10,450.15** |

**12 जुलाई, 2024 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार**